पुस्तकालय

(1)
3156
18/5/2011

सत्यमेव जयते

असंशोधित

29 MAR 2011

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

---

**(भाग 1–कार्यवाही–प्रश्नोत्तर)**

प्रतिवेदन शाखा
गै०स०प्रे०सं० 752 तिथि 15-5-11

**तारांकित प्रश्न संख्या- १९९१ (श्री गोपाल जी ठाकुर, स०वि०स०)**

श्री जीतन राम मांझी, मंत्री : महोदय, १- आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है ।

२- दरभंगा मुख्यालय स्थित अनुसूचित जाति छात्रावास में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे रह सकते हैं । वर्तमान वर्ष २०१०-११ में दरभंगा के ग्रामीण क्षेत्र में नये छात्रावास खोलने का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

श्री गोपाल जी ठाकुर : माननीय अध्यक्ष महोदय, दरभंगा जिला के जिस भाग बिरौल अनुमंडल और बेनीपुर अनुमंडल में हम छात्रावास के लिये माँग कर रहे हैं, वह बाढ़ प्रभावित इलाका है....

अध्यक्ष : आपका पूरक प्रश्न क्या है ?

श्री गोपाल जी ठाकुर : महोदय, बिरौल का क्षेत्र कोशी, गंडक, कमला नदियों से जूझ रहा है और यदि वहाँ पर अनुमंडल स्तर पर यदि महादलित के लिये छात्रावास निर्माण हेतु सरकार नहीं विचार करेगी तो यह ठीक बात नहीं है । हम सरकार से माँग करेंगे कि दोनों अनुमंडल में महादलित के लिये एक-एक छात्रावास का होना अत्यंत आवश्यक है ।

श्री जीतन राम मांझी,मंत्री : माननीय अध्यक्ष महोदय, जैसा मैंने कहा कि अभी ग्रामीण क्षेत्र में छात्रावास खोलने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है । अगले वित्तीय वर्ष में यदि ग्रामीग क्षेत्रों में छात्रावास स्वीकृत करने की बात आयेगी तो इसको प्राथमिकता देंगे ।

अध्यक्ष : माननीय सदस्य, इसके भोगौलिक स्थिति के आधार पर आपसे आग्रह किया है।

श्री जीतन राम मांझी,मंत्री : महोदय, हमने कहा तो जब बातें आयेंगी, कुछ इस तरह से नीति निर्णय हो जायेगा तो इसको हम प्राथमिकता देंगे और छात्रावास खोलने की कार्रवाई करवायेंगे ।

अध्यक्ष : ठीक है ।

तारांकित प्रश्न सं०-१९९२(श्री कृष्णनन्दन यादव,स०वि०स०)

श्री प्रशान्त कुमार शाही,मंत्री : महोदय, खंड-१ आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि वर्ष २००६ में शिक्षक का पद रिक्त नहीं था । वर्ष २००५ में प्रश्नगत विद्यालय उत्क्रमित हुआ । उत्क्रमण के उपरान्त प्रधानाध्यापक, स्नातक कला प्रशिक्षित एवं स्नातक विज्ञान प्रशिक्षित का एक-एक पद स्वीकृत किया गया जो रिक्त है । दिनांक ४.७.२००८ से मैट्रिक प्रशिक्षित का एक पद रिक्त हुआ जो विभागीय नियमानुसार दिनांक ३१.३.२००९ को स्वतः समाप्त हो गया ।

खंड-२ प्रश्नगत विद्यालय संचालन के लिए संबंधित प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर जिला पदाधिकारी, गया की सहमति से जिला शिक्षा अधीक्षक के ज्ञापांक-१५७४ दिनांक १४.३.२०११ द्वारा तत्काल दो शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है एवं विद्यालय संचालित कराया गया है ।

श्री कृष्णनन्दन यादव : अध्यक्ष महोदय, सतामस एक बहुत बड़ी बस्ती है और इधर ६ महीना से स्कूल बन्द था लेकिन इधर कुछ हो गया है तो ठीक है, अब मुझे कुछ नहीं कहना है।

तारांकित प्रश्न सं०-१९९३(श्री राम बालक सिंह,स०वि०स०)

श्री प्रशान्त कुमार शाही,मंत्री : महोदय, खंड-१ उत्तर अस्वीकारात्मक है ।

वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन विद्यालय में अंग्रेजी, गणित एवं सामाजिक विज्ञान में शिक्षक पदस्थापित हैं ।

खंड-२ उत्तर खंड-१ में सन्निहित है ।

श्री राम बालक सिंह . अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि समस्तीपुर जिला के ........

अध्यक्ष : पूरक प्रश्न ।

श्री राम बालक सिंह : वही बोल रहे हैं सर ! समस्तीपुर जिला के विभूतिपुर प्रखंड में रघुनन्दन उच्च विद्यालय, समर्था जो है, वह समस्तीपुर जिला में सबसे अच्छी पढ़ाई होती है और वह बहुत ही महत्वपूर्ण हाईस्कूल है । वहां प्रतियोगिता परीक्षा लेकर ही हाईस्कूल में एडमिशन होता है और वहां अच्छी पढ़ाई होती है ................

अध्यक्ष : आपका पूरक प्रश्न क्या है ?